# सीएसआईआर-सीरी में ‘पीएम श्री इंटर्नशिप कार्यक्रम’ का आयोजन

**विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न मॉडल तैयार किए**

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में दिनांक 28 फरवरी से 3 मार्च, 2024 के दौरान **"पीएम श्री इंटर्नशिप कार्यक्रम"** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, काजड़ा के 80 विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों (फैकल्टी) ने भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वयन संस्थान के पीएमई प्रभाग द्वारा किया गया। पीएम श्री इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर दिनांक 28 फरवरी को तथा समापन दिनांक 3 मार्च, 2024 को गौरवपूर्ण ढंग से आयोजित दीक्षांत समारोह के साथ हुआ। संस्थान के मुख्य सभागार में आयोजित समापन एवं दीक्षांत कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, काजड़ा के प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार यादव एवं विद्यालय के शिक्षक, स्टेमरोबो, नोएडा के प्रशिक्षक श्री शिवम पांडेय तथा पीएमई प्रभाग के सहकर्मी उपस्थित थे।




*समापन सत्र में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए*
*डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी*

समापन सत्र में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक **डॉ पी सी पंचारिया** ने कहा कि हमारा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है और आज संपूर्ण विश्व भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। भारत सरकार युवाओं को स्टार्टअप इंडिया मिशन के अंतर्गत नवाचारों के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में जिज्ञासु प्रवृत्ति और वैज्ञानिक सोच का होना बहुत जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि छात्र समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान की दिशा में भी सोचें। इसी से उन्हें नवाचार की प्रेरणा मिलेगी। डॉ पंचारिया ने विकासशील से विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में विद्यार्थियों को अपना यथासंभव योगदान देने का आह्वान किया। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर **श्री संजय कुमार यादव**, प्रधानाचार्य, पीएम श्री जेएनवी, काजड़ा ने भारत सरकार की पीएम श्री योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों के समावेशी विकास पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत वडोदरा, गुजरात के नवोदय विद्यालय की छात्राएं भी शामिल हुई हैं।




समापन सत्र में संबोधित करते हुए श्री संजय कुमार यादव,
प्रधानाचार्य, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, काजड़ा

पॉच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान डॉ नीरज कुमार, प्रधान वैज्ञानिक ने विद्यार्थियों को ‘बौद्धिक संपदा अधिकार और पेटेन्ट्स’ तथा डॉ आनंद अभिषेक, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने ‘नवीकरणीय ऊर्जा’ पर परस्पर चर्चा के माध्यम से रोचक व्याख्यान देते हुए उनका ज्ञानवर्धन किया। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा शांत की। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सीएसआईआर-सीरी के विज्ञान संग्रहालय सहित विभिन्न प्रयोगशालाओं का परिदर्शन कराया गया।





*प्रतिभागी विद्यार्थियों को व्याख्यान देते हुए डॉ नीरज कुमार, प्रधान वैज्ञानिक तथा डॉ आनंद अभिषेक, वरिष्ठ वैज्ञानिक*

उन्हें वैज्ञानिक गतिविधियों एवं संबंधित क्रियाकलापों के वीडियो के माध्यम से सीरी संस्थान की शोध गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ गौरव पुरोहित व डॉ राजेन्द्र कुमार वर्मा और श्री विनोद कुमार वर्मा, वरिष्ठ तकनीशियन ने विद्यार्थियों को संस्थान की शोध गतिविधियों की जानकारी दी।



*विज्ञान संग्रहालय में विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ गौरव पुरोहित एवं डॉ राजेन्द्र कुमार वर्मा*

पाँच दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पाँच समूहों में विभाजित कर अलग-अलग प्रोजेक्ट मॉडल तैयार करने के लिए कहा गया था। विद्यार्थियों ने स्टेमरोबो, नोएडा के प्रशिक्षक श्री शिवम पांडेय और संस्थान के शोध छात्रों के मार्गदर्शन में ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, कंपोनेंट असेंबली ऑन ब्रेडबोर्ड, आर्डयूनो रोबोटिक्स किट, स्मार्ट होम ऑटोमेशन, अनजान व्यक्ति के प्रवेश पर बजने वाला सेंसर आधारित अलार्म सिस्टम और ज्वेलरी मॉनिटरिंग सिस्टम मॉडलों पर काम किया। पीएमई समूह की टीम ने नियमित रूप से विद्यार्थियों के कार्य की मॉनीटरिंग करते हुए उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान किया। दीक्षांत समारोह से पूर्व **डॉ पी सी पंचारिया**, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने छात्र-छात्राओं के मॉडलों का अवलोकन किया और उनसे चर्चा की। समापन सत्र में डॉ पंचारिया ने विद्यार्थियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी भेंट किए।



विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए *डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी*




*प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भेंट करते हुए डॉ पी सी पंचारिया ; साथ में हैं श्री संजय कुमार यादव, प्रधानाचार्य, पीएम श्री जेएनवी, काजड़ा*



*प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्य एवं उनके शिक्षक*

विद्यार्थियों ने भी अपने फीडबैक में कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें न केवल वैज्ञानिकों से संवाद का अवसर मिला बल्कि संस्थान की गतिविधियों को जानने का भी अवसर प्राप्त हुआ है। इसके अलावा अलग-अलग मॉडल बनाकर भी सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने यह अवसर देने तथा संस्थान में संक्षिप्त प्रवास के दौरान सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संस्थान के निदेशक एवं अन्य अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



*कार्यक्रम के बारे में फीड बैक देती हुई जेएनवी, काजड़ा की छात्राएँ*

कार्यक्रम के संयोजक **श्री प्रमोद तँवर**, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, पीएमई ने जिज्ञासा कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पीएम श्री योजना और जिज्ञासा मिशन के अंतर्गत अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए स्थानीय एवं निकटवर्ती विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है। साथ ही, उन्हें वैज्ञानिकों से चर्चा का अवसर देते हुए संस्थान और देश के वैज्ञानिक परिदृश्य से अवगत कराया जाता है। समापन एवं विदाई समारोह का संचालन करते हुए उन्होंने आयोजन में सतत मार्गदर्शन के लिए निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही, अनवरत सहयोग के लिए सभी अनुभागों/प्रभागों को धन्यवाद दिया।




समापन सत्र में कार्यक्रम संचालन करते हुए
श्री प्रमोद तँवर, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, पीएमई

**क्या है पीएम श्री योजना**

स्कूलों को नया स्वरूप देने और बच्चों को स्मार्ट शिक्षा से जोड़ने के लिए शुरू की गई योजना का नाम पीएम श्री योजना है। इस योजना का पूर्ण नाम **"प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया"** है। इसकी घोषणा वर्ष 2022 में शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई थी। इस योजना में देश के 14500 स्कूलों का विकास और उन्नयन किया जाएगा। इन सभी स्कूलों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत मॉडल स्कूल बनाया जाएगा।

## कार्यक्रम के कुछ अन्य चित्र




*प्रशिक्षणशाला के बाहर प्रतिभागियों के साथ समूह चित्र*



इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए
श्री विनोद वर्मा और श्री शिवम पांडेय

----------